दिनांक: 01.08.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

**मुख्यमंत्री नई दिल्ली**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेट्रो ट्रेन के उद्घाटन, किसान सम्मान और प्रदेश में लगाए जा रहे पीएम मित्र पार्क के भूमिपूजन के लिए आने की स्वीकृति दी है। कल नई दिल्ली में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री और अन्य केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की थी। उन्होंने बताया कि यह प्रदेश के लिए उत्साह की बात है कि प्रधानमंत्री इन विकास कार्यों की सौगात देने जा रहे हैं।

**प्रधानमंत्री - 15 अगस्त भाषण - विचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी नागरिकों से स्वतंत्रता दिवस संबोधन के लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने का आह्वान किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने नागरिकों से माईगॉव और नमो ऐप पर अपने विचार साझा करने का आग्रह किया। विचार और सुझाव 12 अगस्त तक भेजे जा सकते हैं।

**निर्वाचन आयोग-उपराष्ट्रपति चुनाव**

निर्वाचन आयोग ने आज देश के उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। निर्वाचन आयोग के अनुसार चुनाव 9 सितंबर को होंगे।

**नए यूपीआई नियम**

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम-एनपीसीआई ने आज से यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस-यूपीआई के नए नियम लागू कर दिए हैं। नए नियमों के अंतर्गत प्रत्येक लेनदेन से पहले प्राप्तकर्ता का नाम प्रेषक को दिखाया जाएगा। प्रत्येक यूपीआई ऐप उपयोगकर्ताओं को दिन में 50 बार अपना बैंक बैलेंस चेक करने की सुविधा देगा। यूपीआई ऐप्स व्यस्त समय के दौरान यूपीआई पर लोड कम करने के लिए बैलेंस पूछताछ के अनुरोधों को सीमित या रोक भी सकेंगे।

एनपीसीआई ने यह भी अनिवार्य किया है कि स्वचालित भुगतान लेनदेन की प्रक्रिया केवल गैर-व्यस्त समय के दौरान ही की जाएगी। ग्राहक अब अपने मोबाइल नंबर से जुड़े बैंकों की सूची देख सकेंगे। अपुष्ट भुगतानों की स्थिति में उपयोगकर्ता भुगतान की स्थिति केवल तीन बार ही देख पाएंगे, और प्रत्येक प्रयास के बीच न्यूनतम 90 सेकंड का अंतराल होगा।

**विश्व स्तनपान सप्ताह**

आज से विश्व स्तनपान सप्ताह प्रारंभ हो गया है। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम "इनवेस्ट इन ब्रेस्टफीडिंग, इनवेस्ट इन द फ्यूचर" है। खंडवा में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ. पी. जुगतावत ने बताया कि स्तनपान सप्ताह के तहत आशा, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा गर्भवती और धात्री महिलाओं को स्तनपान के महत्व और उसके लाभ संबंधी जानकारी दी जायेगी। नर्मदापुरम जिले में भी

स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और माताओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में भारी बारिश का दौर थम गया है। आज से तीन दिन बारिश के आसार कम है। आज राज्य के 12 जिलों में हलकी बारिश के आसार है। वहीं 4 से 6 अगस्त तक एक बार फिर बारिश का सिस्टम सक्रिय होगा। प्रदेश में इस मानसूनी सीजन में एवरेज 28 इंच बारिश हो चुकी है, जो 59 प्रतिशत ज्यादा है। ग्वालियर समेत 10 जिलों में बारिश का कोटा पूरा हो चुका है।

**क्रिकेट- भारत-इंग्लैंड टेस्ट**

भारत आज लंदन के द ओवल में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पाँचवें टेस्ट मैच के दूसरे दिन मेज़बान इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली पारी कल के स्कोर छह विकेट पर 204 रन से आगे खेलना शुरू करेगा। करुण नायर 52 रन बनाकर नाबाद हैं और वाशिंगटन सुंदर 19 रन बनाकर अपनी 51 रनों की साझेदारी को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

## समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा स्थित शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में कल वित्तीय सुरक्षा विषय पर सेबी के स्मार्ट ट्रेनर लखन डाबी ने जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से सेबी की कार्य प्रणाली पर प्रकाश डाला।

- शिवपुरी जिले में कल कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने कोलारस एवं बदरवास विकासखंड के बाढ़ एवं अतिवृष्टि प्रभावित ग्राम अनंतपुर, पचावली, संगेश्वर, छोटी गुरवार एवं बांसखेड़ी का भ्रमण किया।

- जबलपुर जिले में 1 लाख 75 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में 90 से 95 प्रतिशत धान की सीधी बोनी और रोपा का काम पूरा हो चुका है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारियों ने आज पाटन विकासखण्ड के ग्राम उड़ना सड़क पहुँचकर उर्वरकों के इस्तेमाल की जानकारी दी।

**नमस्कार।**

**----------------**